Roll No. .... **Total Pages : 04**

GSQ/M-20 1675

HINDI (COMPULSORY)

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 80

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(i) किन्तु शिवशम्भू शर्मा का विचार इस कवि से भी कुछ आगे है । वह समझता है कि यह देश नमन की एक महाखानी है । इसमें जो पड़ गया वही नमक बन गया। श्रीमन् कभी चाहें तो सांभर-झील के तट पर खड़े होकर देख सकते हैं जो कुछ उसमें गिर जाता, वही नमक बन जाता है । यहाँ के जलवायु से अलग खड़े होकर कितने ही ने बड़ी-बड़ी अटकलें लगाईं और लम्बे-चौड़े मनसूबे बाँधे पर यहाँ के जलवायु का असर होते ही वह सब काफूर हो गए ।

(ii) हमारे बेचारे पुरखे न गरुड़ के रूप में आ सकते हैं, न मयूर के, न हंस के । उन्हें पितरपक्ष में हमसे कुछ पाने के लिए काक बनकर ही अवतीर्ण होना पड़ता है। इतना ही नहीं, हमारे दूरस्थ प्रियजनों को भी अपने आने का मधु सन्देश इनके कर्कश स्वर में ही देना पड़ता है। दूसरी ओर हम कौवा और काँव-काँव करने को अवमानना के अर्थ में ही प्रयुक्त करते हैं ।

(iii) मन की सारी भ्रान्ति को दूर करने वाले देवदारु तुम्हें देखकर मन श्रद्धा से जी भर जाता है, वह अकारण नहीं है । तुम भूत भगवान न हो, तुम बहम-मिटावन हारे, तुम भ्रान्ति नसावन हो । तुम्हें दीर्घकाल से जानता था पर पहचानता नहीं था । अब पहचान भी रहा हूँ । तुम देवता के दुलारे हो, महादेव के प्यारे हो, धन्य हो ।

(iv) दो बजे के करीब से उतराई शुरू हुई । अब भी हम शर्बो की बस्ती में थे । 'यलमो' लोग भी 'शर्बा' भोटियों की एक शाखा है । यह 'शर्बा' भोटिये दार्जिलिंग तक बसते चले गये हैं, 'शरवा' का मतलब है पूर्ववाला । एक शर्बा से पूछने पर मालूम हुआ कि डुक्पा लामा अभी इधर से नहीं गुजरे हैं । विश्वास हो चला, शायद पीछे ही हैं । **7×2=14**

2. हिन्दी ललित निबंध के विकास में विद्यानिवास मिश्र का स्थान निर्धारित कीजिए । **10**

अथवा

महादेवी वर्मा की संस्मरण कला पर प्रकाश डालिए ।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **200** शब्दों में दीजिए : **4×4=16**

(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने उत्साह के कौन-कौनसे भेद बताए हैं ?

(ii) 'देवदारु' के माध्यम से द्विवेदी जी पाठक को क्या संदेश देना चाहते हैं ?

(iii) 'मोरे राम के भीगै मुकुटवा' गीत सुनकर लेखक को क्या स्मरण हो आया ?

(iv) 'सदाचार का ताबीज' व्यंग्य लेख के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

(v) 'गिल्लू' संस्मरण का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(vi) 'तिब्बत के पथ पर' यात्रा वृतान्त के आधार पर लेखक के व्यक्तित्व की **दो** विशेषताएँ बताइए ।

4. हरियाणा की सांग परम्परा के उद्भव और विकास का परिचय दीजिए । **10**

अथवा

हरियाणवी कहानी-साहित्य की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×2=10**

(i) हरियाणवी भाषा की मुख्य विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

(ii) हरियाणवी की मेवाती बोली का परिचय दीजिए ।

(iii) फौजी मेहर सिंह का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(iv) 'झाड़ू फिरी' का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **5×2=10**

(i) पत्रकारिता की परिभाषा देकर उसका स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(ii) "शीर्षक समाचार का दर्पण है ।" इस कथन की व्याख्या कीजिए ।

(iii) संपादक के गुणों एवं दायित्वों पर प्रकाश डालिए ।

(iv) फीचर लिखने के कितने प्रकार हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

7. सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1×10=10**

(i) बालमुकुन्द गुप्त ग्रंथावली कब प्रकाशित हुई ?

(ii) उत्साह निबंध किस शैली में रचित है ?

(iii) महादेवी वर्मा का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(iv) 'मेरे राम का मुकुट भींग रहा है' निबंध में राम किसका प्रतीक हैं ?

(v) डॉ. गिर्यसन ने हरियाणवी को क्या नाम दिया है ?

(vi) मेवाती जनकवि होने का गौरव किसे प्राप्त है ?

(vii) 'रूपकला-जादूखोरी' सांग के रचयिता कौन हैं ?

(viii) भारतीय पत्रकारिता के जनक कौन माने जाते हैं ?

(ix) 'स्वास्थ्य पत्रकारिता' से सम्बन्धित किसी **एक** पत्रिका का नाम लिखिए ।

(x) कठिनतम शीर्षक किसे माना जाता है ?